मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 अंक - 09 मुंबई, सोमवार, दिनांक 21 से 27 नवंबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये

# सावरकर पर संग्राम...!

## राहुल गांधी के बयान पर भड़के संजय राउत

**मुंबई :** शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि हमने साफ कर दिया है कि वीर सावरकर को लेकर राहुल गांधी के बयान से शिवसेना सहमत नहीं है. शिवसेना सावरकर के बारे में गलत बयान स्वीकार नहीं करती, शिवसेना इसे बर्दाश्त नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को देशभर में



अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. सबसे ज्यादा प्रतिक्रिया महाराष्ट्र में मिली. हालांकि राउत ने यह भी कहा कि इस यात्रा में वीर सावरकर का मुद्दा उठाने की जरूरत नहीं है. संजय राउत ने कहा कि इस मुद्दे को उठाने से न केवल शिवसेना हैरान है, बल्कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेता भी हैरान हैं. राउत ने बड़ा बयान दिया है कि इससे महाविकास अघाड़ी में फूट पड़ सकती है. संजय राउत ने कहा कि ऐतिहासिक काल में क्या हुआ और क्या नहीं हुआ, इसके बजाय एक नया इतिहास रचा जाना चाहिए. राउत ने कहा कि राहुल गांधी को इस पर ध्यान देना चाहिए. हमारी मांग है कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया जाए. हम लगातार यह मांग कर रहे हैं.

### सावरकर के नाम पर राजनीति करने का लगाया आरोप!

**संजय राउत ने कहा कि शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे ने हमेशा सावरकर के विचारों का समर्थन किया है. राउत ने यह भी कहा कि हम ऐसा करना जारी रखेंगे. राउत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में आना और सावरकर को बदनाम करना न तो महाराष्ट्र को मंजूर है और न ही शिवसेना को. राउत ने इस दौरान कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेता भी राहुल गांधी के बयान का समर्थन नहीं करेंगे.**

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पता नहीं बीजेपी में जो नए सावरकर भक्त पैदा हुए हैं वे सावरकर को भारत रत्न देने की मांग क्यों नहीं उठाते.

### ‘सावरकर का विषय उठाने की कोई आवश्यकता नहीं थी’

**संजय राउत ने कहा क महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहा है. इसी मुद्दे पर भारत जोड़ो यात्रा जारी है. उसे अच्छा समर्थन मिल रहा है. राउत ने इस दौरान यह भी कहा कि सावरकर का मुद्दा उठाने की जरूरत नहीं है. इस मौके पर संजय राउत ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि महाविकास अघाड़ी में फूट पड़ सकती है. क्योंकि हम सावरकर को अपनी आस्था का स्थान मानते हैं. इस बीच हम पिछले कई सालों से सावरकर को भारत रत्न दिए जाने की मांग कर रहे हैं. राउत ने सवाल किया कि केंद्र में बीजेपी की सरकार है. ये लोग सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं देते? राउत ने यह भी कहा क्या उनका प्यार झूठा है? यह देखना होगा.**


कदम कदम पर

कैलेण्डर 2023



विज्ञापन दर

| | |
|---|---|
| विजिटिंग कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 2000/-<br>:12 माह 20000/- |
| डबल वि. कार्ड साईज<br>विजिटिंग कार्ड साईज | : प्रति माह 3000/-<br>: 12 माह 30000/- |

कैलेंडर हेतु विज्ञापन की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2022

संपादक - छोटेलाल शर्मा

मो.:09819862172

प्रबंध संपादक - अनिल शर्मा

मो.:09833329721

नोट :चेक, डीडी. ‘कदम कदम पर’ के नाम से जारी करें.

Email : kadamkadampar1@gmail.com

**A/c Name :** Kadam Kadam Par
Branch : Kanjurmarg (East), Mumbai - 78.
Bank of Maharashtra Kanjur Marg (W)
A/c No. : 60342646436
IFC Code : MAHB0000397


# दसवें ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 का भव्य आयोजन

## M.P. Hall प्रयागराज उत्तर प्रदेश में रविवार दिनांक 19 एवं 20 नवम्बर 2022 को सम्पन्न

*उक्त प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तमिलनाडू, गोवा, उत्तर प्रदेश आदि अनेकों संस्थानों से आए हुए विद्यार्थियों ने ‘दसवें ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 का भव्य प्रतियोगिता’ के आयोजन M.P. Hall प्रयागराज उत्तर प्रदेश में शनिवार दिनांक 19 नवम्बर 2022 एवं रविवार दिनांक 20 नवम्बर 2022 को सम्पन्न हुआ। जिसमें श्री राजबली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) महरछा, हंडिया प्रयागराज उत्तर प्रदेश के होनहार एवं कौशल प्रशिक्षण में कुशल मात्र 50 छात्र छात्राओं ने 10th SKIA OPEN NATIONAL KARATE CHAMPION-SHIP 2022 (दसवें ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 बड़े ही जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया जिसमें ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) महरछा, जंघई बाजार, हंडिया, प्रयागराज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जिसमें ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को कराटे प्रतियोगिता में विभिन्न आयोजनों में व्यक्तिगत उत्तम प्रदर्शन हेतु 11 विद्याथीयों को गोल्ड पदक एवम 13 विद्यार्थियों को सिल्वर पदक तथा अन्य 15 विद्यार्थियों को कॉस्य पदक से सम्मानित किया गया, जिनके नाम इस प्रकार हैं;*




1. छात्रा रॉवी विकास तिवारी कक्षा 3 को गोल्ड पदक इसके अलावा पुनः
2. छात्रा रावी विकास तिवारी कक्षा 3 को कांस्य पदक
3. छात्र श्रेयांशु सुरेंद्र केशरवानी कक्षा 2 को गोल्ड पदक इसके अलावा पुनः
4. छात्र श्रेयांशु सुरेंद्र केशरवानी कक्षा 2 को कांस्य पदक
5. छात्र यांशू सुरेंद्र केशरवानी कक्षा 4 को गोल्ड पदक इसके अलावा पुनः
6. छात्र यांशु सुरेंद्र केशरवानी कक्षा 4 को गोल्ड पदक
7. छात्रा विधी राधे मोहन पांडेय कक्षा 5 को गोल्ड पदक इसके अलावा पुनः
8. छात्रा विधि राधे मोहन पांडेय कक्षा 5 को सिल्वर पदक
9. छात्र सामर्थ बृजेश शुक्ला कक्षा 5 को गोल्ड पदक इसके अलावा पुनः
10. छात्र सामर्थ बृजेश शुक्ला कक्षा 5 को गोल्ड पदक
11. छात्र उत्कर्ष अरविंद शुक्ला कक्षा 5 को गोल्ड पदक इसके अलावा पुनः
12. छात्र उत्कर्ष अरविंद शुक्ला कक्षा 5 को सिल्वर पदक
13. छात्रा लक्ष्मी अजय बिंद कक्षा UKG को सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
14. छात्रा लक्ष्मी अजय बिंद भकक्षा वङ्ग्रकृको गोल्ड पदक
15. छात्र विभूति त्रिभुवन नारायण कक्षा 5 सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
16. छात्र विभूति त्रिभुवन नारायण कक्षा 5 को गोल्ड पदक
17. छात्र प्रणव रोहित पाण्डेय कक्षा 1 को सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
18. छात्र प्रणव रोहित पांडेय कक्षा 1 को कांस्य पदक
19. छात्र नमन देव दत्त मिश्रा कक्षा 1 को सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
20. छात्र नमन देव दत्त मिश्रा कक्षा 1 को कांस्य पदक
21. छात्रा शशांक देवी प्रसाद तिवारी कक्षा 3 को सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
22. छात्रा शशांक देवी प्रसाद तिवारी कक्षा 3 को सिल्वर पदक
23. छात्र वेद राधे मोहन पाण्डेय कक्षा 3 को सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
24. छात्र वेद राधे मोहन पांडेय कक्षा 3 को सिल्वर पदक
25. छात्र आर्यन आशीष शुक्ला कक्षा वङ्ग्रकृको कॉन्स्य पदक इसके अलावा पुनः
26. छात्र आर्यन आशीष शुक्ला कक्षा वङ्ग्रकृको कांस्य पदक
27. छात्र शिवांग आशुतोष मिश्रा कक्षा 1 को कॉन्स्य पदक इसके अलावा पुनः
28. छात्र शिवांग आशुतोष मिश्रा कक्षा 1 को गोल्ड पदक
29. छात्र वारिश संतोष तिवारी कक्षा 1 को कॉन्स्य पदक इसके अलावा पुनः
30. छात्र वारिश संतोष तिवारी कक्षा 1 को सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
31. छात्र गौरव सुनील उपाध्याय कक्षा 1 सिल्वर पदक इसके अलावा पुनः
32. छात्र गौरव सुनील उपाध्याय कक्षा 1 कांस्य पदक
33. छात्रा अंबुज नंद लाल यादव कक्षा 6 को कांस्य पदक इसके अलावा पुनः
34. छात्रा अंबुज नंद लाल यादव कक्षा 6 कांस्य पदक
35. छात्र अंशुमान मुकेश चंद्र पाण्डेय कक्षा 1 को कांस्य पदक इसके अलावा पुनः
36. छात्र अंशुमान मुकेश चंद्र पाण्डेय कक्षा 1 को कांस्य पदक
37. हिमांशु दिनेश यादव कक्षा 6 को सिल्वर पदक
38. छात्र आदेश शिवशहर मिश्रा कक्षा 6 को कांस्य पदक
39. छात्र आदेश शिवशहर मिश्रा कक्षा 6 को सिल्वर पदक प्राप्त हुआ।प्राप्त हुआ।

*ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) महरछा, जंघई बाजार, हंडिया, प्रयागराज के प्रबंधक - श्री सौरभ उमेश प्रताप सिंह को सम्माननीय अतिथि के रूप में स्मृति चिन्ह शाल श्रीफल पुष्पमाला से ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 के आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के प्रोत्साह-नार्थ एवं उत्साहवर्धन हेतु संस्था की ट्रस्टी -श्रीमती सुप्रिया सिंह, प्रिंसिपल -श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी -श्री आशुतोष कुमार सिंह एवं शिक्षिका -कु० पूजा राबेंद्र कुमार सिंह कार्यक्रम में उपस्थित थे। दसवें ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 के प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों तथा प्रतियोगिता में विजेता 15 उपरोक्त विद्यार्थियों जिन्होंने दसवें ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022 गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल व कॉन्स्य मेडल जीता है उन सभी विद्यार्थियों को संस्था के चेयरमैन श्री उमेश प्रताप सिंह की तरफ से ढेरों शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाईयां। साथ ही साथ संस्था के प्रबंधक श्री सौरभ सिंह जिनके कुशल नेतृत्व में हमारे स्कूल के सभी शिक्षक एवं विशेषकर कराटे चैंपियन शिक्षक तथा संस्था की ट्रस्टी श्रीमती सुप्रिया सिंह, प्रिंसिपल श्रीमती रूचिता श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी श्री आशुतोष कुमार सिंह एवं शिक्षिका कु० पूजा राबेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षकों के अथक परिश्रम से प्रयागराज उत्तर प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में हमारा विद्यालय ह्लदसवें ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2022ह्व की प्रतियोगिता में शामिल होकर ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल (Praposed CBSC School) महरछा, जंघई बाजार, हंडिया, प्रयागराज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है जिसके उपलक्ष्य में संस्था को ट्रॉफी एवं 39 विद्यार्थियों ने 06 गोल्ड मेडल, 05 सिल्वर मेडल व 04 कॉन्स्य पदक जीता है इसके लिए विद्यालय परिवार के सभी सद्स्यों को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं।*



### उमेश प्रताप सिंह

### (चेयरमैन)

*श्री राज बली सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट मुंबई द्वारा संचालित*

1. *ग्लोबल इन्टर नेशनल स्कूल (उइरउ)महरछा, जंघई, प्रयागराज*
2. *आर्या श्रीमती दुलारी सिंह कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (बी० एड० कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज*
3. *आर्या श्रीमती दुलारी सिंहए कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च (D.El.Ed. कॉलेज) महरछा, जंघई, प्रयागराज*
4. *आर्या श्रीमती दुलारी सिंह, कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च डिप्लोमा इन योगा, महरछा, जंघई, प्रयागराज*

**संपर्क कार्यालय**

**महरछा, जंघई, प्रयागराज**

# संपादकीय

## अक्षम्य अपराध...!

देश के प्रयासों व किसानों के पसीने से आई हरित क्रांति के चलते प्रचुर मात्रा में खाद्यान्न उत्पादन के बावजूद देश में कुपोषण और भुखमरी का विश्व सूचकांक ऊंचा रहता है तो उसके मूल में कुव्यवस्था व भ्रष्टाचार भी शुमार रहा है। हरियाणा में खुले में रखा करीब 83 करोड़ मूल्य का 45 हजार मीट्रिक टन गेहूं यदि खराब हुआ तो कहीं न कहीं इसके मूल में भ्रष्टाचार व गैरजिम्मेदारी भी निहित है। विडंबना ही है हरियाणा के कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र तथा फतेहाबाद आदि में खुले में रखे अनाज का बर्बाद हो जाना जो मामले की गंभीर जांच की जरूरत बताता है। कहा जा रहा है कि इस बबार्दी के मूल में भ्रष्टाचार भी एक कारण रहा होगा। ठीक वैसे ही जैसे जंगल में अवैध कटान के सबूत मिटाने के लिये आग लगाने की घटनाएं प्रकाश में आती रही हैं। इस शक की वजह यह भी रही है कि गेहूं की ढुलाई में जिन वाहनों के नंबर दिये गये थे, वे दुपहिया या फिर जाली नंबर वाले निकले। विडंबना देखिये कि एक ओर कुछ लोग दो जून की रोटी नहीं जुटा पाते, वहीं खुले आसमान के तले लाखों टन अनाज बारिश में भीगने के लिये छोड़ दिया जाता है। निस्संदेह, यह एक आपराधिक लापरवाही है और इसकी जवाबदेही तय की जानी जरूरी है। बेहद दुखद ही है कि लाखों लोगों के पेट भरने के लिये जुटाई गई फसल खरीद, सुरक्षा और वितरण के लिये जवाबदेह एजेंसियों की काहिली के चलते बर्बाद हो गई। मामले में हरियाणा के खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की जांच एक ऐसी व्यवस्था की ओर इशारा करती है, जिसमें निहित स्वार्थों के लिये अधिकारी विवेकहीन व्यवहार करते हैं, वहीं कुछ अधिकारियों के लालच की भी भूमिका होती है। तभी तो कहा जाता है कि लालच व्यक्ति के विवेक को निगल जाता है। अन्यथा किसान के खून-पसीने से उगाया और आयकर दाताओं के पैसे से खरीदा गया अनाज खुले आसमान तले यूं ही बर्बाद होने के लिये नहीं छोड़ दिया जाता।

निस्संदेह, इस अनाज के सड़ने के मूल में गंभीर आपराधिक लापरवाही निहित है। अधिकारी अपने निजी सामान की अच्छे से देखभाल करते हैं, लेकिन सरकारी अनाज को यूं ही बर्बाद होने के लिये छोड़ देते हैं। मामले के प्रकाश में आने के बाद जवाबदेही से मुक्त होने की दलीलें देने तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के माथे दोष मढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया। दरअसल, वर्ष 2018 में खराब मौसम यानी बारिश में भीग जाने के बाद हजारों बोरी गेहूं को सड़ने दिया गया। बाद में जांच-पड़ताल होने पर इसमें से सुरक्षित गेहूं का अंश अलग कर दिया गया जो बाद में नीलामी में बिक्री योग्य पाया गया। शेष अनाज को सड़ा हुआ घोषित कर दिया गया। बाद में खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के पांच अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया। जिन पर इस नुकसान की जवाबदेही तय करने की बात कही जा रही है। जैसा कि अक्सर होता आया है इस मामले के खुलासे के बाद आरोप-प्रत्यारोप लगाने का सिलसिला शुरू हो गया है। हर कोई जवाबदेही से मुक्त होने का प्रयास करते हुए खुद को पाक-साफ बताने की कोशिश में है। आरोप लगाये जा रहे हैं कि भारतीय खाद्य निगम इसके लिये दोषी है क्योंकि समय रहते अनाज को उठाया नहीं गया। वहीं फर्जी बिलों के मामले उजागर होने से इसमें भ्रष्टाचार की गंध भी आ रही है। जिसकी वजह यह

# वाटर टैक्सी के निचले डेक और एक्जीक्युटिव डेक का किराया 100 से 150 रुपए हुआ कम



**मुंबई :** मुंबई से मांडवा के बीच नवंबर महीने से शुरू हुई वाटर टैक्सी सेवा को पर्यटकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यात्रियों के मिलते अच्छे प्रतिसाद और आगामी त्यौहार सीजन को देखते हुए कंपनी ने वाटर टैक्सी का किराया सस्ता कर दिया है। वाटर टैक्सी के निचले डेक और एक्जीक्युटिव डेक के लिए १५० और १०० रुपए कम किया गया है। बुधवार से प्रभावी हुए संशोधन के अनुसार निचले डेक का किराया ४०० रुपए से घटाकर २५० रुपए और ऊपरी डेक का किराया ४५० रुपए से घटाकर ३५० रुपए कर दिया गया है।

वाटर टैक्सी नयन क रायगढ़ जिले के अलीबाग के पास मझगांव और मांडवा जेट्टी में फेरी भाऊचा धक्का या घरेलू क्रूज टर्मिनल के बीच संचालित होती है। ऑपरेटरों के प्रवक्ता नयनतारा शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड के संचालक व प्रवक्ता अतुल काला ने बताया कि अधिक यात्रियों को लाने और वॉटर टैक्सी व्यवसाय में अच्छी प्रतिस्पर्धा लाने के लिए किराया कम किया गया था।

परिचालन के पहले १५ दिनों में लगभग २,५०० लोगों ने वाटर टैक्सी में यात्रा की है। संचालक नयन क जहाज पूरी तरह से वातानुकूलित है, जिसमें दो वॉशरूम ऊपरी और चार निचले डेक पर हैं। इसमें निचले डेक पर १४० और ऊपरी/बिजनेस क्लास डेक पर ६० लोगों के बैठने की क्षमता है। यह मुंबई में अपने आकार का पहला हाई-स्पीड डबल-डेक स्थिर कटमरैन है जो समुद्र के पार जाने में सक्षम है।

वाटर टैक्सी की गति २२ समुद्री मील तक जा सकती है और यह दक्षिण मुंबई और नई मुंबई के बीच १५ समुद्री मील पर चलती है। इस साल फरवरी में मुंबई में जल टैक्सी सेवा शुरू हुई। हालांकि नयन इलेवन घरेलू क्रूज टर्मिनल से पहली सेवा है। मुंबई से मांडवा के बीच वाटर टैक्सी समुंदी मार्ग से ये दूरी महज ४५ मिनट में पूरी करती है, जबकि सड़क के रास्ते इस दूरी को तय करने में दो से ढाई घंटे का समय लगता है।

# मामूली विवाद में दोस्तों ने युवक की हत्या की



**पालघर :** महाराष्ट्र में पालघर जिले के वसई में मामूली विवाद में 25 वर्षीय युवक की उसके तीन दोस्तों ने कथित तौर पर हत्या कर दी। वालिव थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार शाम वसई के कमान इलाके में हुई। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान जयनातो निमाई मंडल के रूप में हुई जो पश्चिम बंगाल के मालदा का निवासी था और यहां मजदूरी करता था। अधिकारी ने कहा कि मामूली विवाद को लेकर मंडल और उसके तीन साथियों में झगड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि गुस्से में आकर तीनों ने मंडल की पिटाई कर दी और उनमें से एक ने चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# वर्ली इलाके मपांच बच्चों का समूह, डूबकर दो की मौत, तीन को बचाया गया...

**मुंबई :** मुंबई के वर्ली इलाके में शुक्रवार को समुद्र में जाने वाले दो बच्चे डूब गए। वहीं तीन बच्चों को बचा लिया गया। नगर निकाय



के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना मछुआरों की कॉलोनी वर्ली कोलीवाड़ा के पास अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे हुई। पांच बच्चों का एक ग्रुप खेलते समय समुद्र में चला गया। दोपहर करीब 3.40 बजे फायर ब्रिगेड को फोन कॉल आया तो वह तुरंत मौके पर पहुंची। हालांकि, तब तक स्थानीय लोगों ने तीन बच्चों को निकाल लिया।

अधिकारी ने बताया कि बच्चों को विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया, जहां दो को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दादर के हिंदुजा अस्पताल में आठ वर्षीय कार्तिक चौधरी और 12 वर्षीय सविता पाल को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्तिकी गौतम पाटिल (13

# अरब सागर में मिला १०० साल पुराना कछुआ!

**भायंदर :** भायंदर (प.) के अरब सागर में मछली पकड़ने गए एक मछुआरे के जाल में करीब १०० वर्ष



पुराना एक कछुआ फंस गया था, जिसे मछुआरे ने पुनः समुद्र में छोड़ दिया। उत्तन भाटेबंदर परिसर का मछुआरा जोसफ अपनी याजकह्न नामक बोट लेकर अरब सागर में मछली पकड़ने के लिए गया था। जोसफ ने बताया कि मछली पकड़ने के लिए उसने समुद्र में जब जाल गिराया तो उसमें एक भारी-भरकम कोई जीव फंसने का उसे आभास हुआ। जाल को जब खींचकर मछुआरों ने बोट पर लाया तो उसमें एक दुर्लभ प्रजाति का करीब १०० वर्ष पुराना कछुआ दिखाई दिया। उसकी लंबाई करीब ८ से १० फिट थी।

कछुआ इतना भारी था कि उसे समुद्र से खींचने और छोड़ने में बोट पर सवार १८ लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। मछली के अलावा कोई अन्य जीव समुद्र से पकड़ने पर सरकारी मनाही होने के कारण वीडियो शूटिंग कर उस कछुए को पुनः समुद्र में छोड़ दिया गया।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस अफसर पूर्व पुलिस सचिन वझे को मिली जमानत...!

## लेकिन इस मामले में जेल में बिताने पड़ेगी रातें

**मुंबई :** बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को अदालत से बड़ी राहत मिली है। मुंबई सत्र न्यायालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जमानत दे दी है। हालांकि, वाजे को जमानत मिल गई हो, लेकिन अन्य मामलों के वजह से वह जेल से रिहा नहीं होंगे। ईडी ने अदालत में वाजे को जमानत देने से इनकार कर दिया था। लेकिन कोर्ट ने इस आपत्ति को खारिज कर दिया और उन्हें जमानत दे दी। बता दें कि, वाजे की जमानत याचिका पर 15 नवंबर को सुनवाई पूरी हुई थी, हालांकि अदालत ने फैसला नहीं सुनाया था जो की आज सुनाया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने सचिन वाजे के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आज अदालत में सुनवाई के दौरान जस्टिस आरएन रोकडे ने साफ कहा कि, आरोपी को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था, ऐसे में उस पर ढटछअ का सेक्शन 45 नहीं लगाया जा सकता है। यही नहीं न्यायधीश ने इस बात पर भी जोर दिया कि, इसी मामले में पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को भी पहले जमानत दी गई है, उनकी



भी इस मामले में वो भूमिका थी जो वाजे की रही, ऐसे में इन्हें भी बेल दी जा सकती है। वहीं, सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से पेश हुए वकील ने सचिन वाजे को जमानत देने से मन करते हुए कहा कि, PMLA कोर्ट ने ही पहले भी सचिन वाजे की जमानत याचिका को खारिज किया था और अभी भी स्थिति में कोई बडा बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि कोर्ट केंद्रीय एजेंसी के इस तर्क से सहमत नहीं नजर आए और कोर्ट ने कहा कि, कई फर्क देखने को मिल गए हैं।

अदलात ने बताया कि, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में स्पष्ट कर दिया है कि उन लोगों को जमानत दी जा सकती है जिन्हें जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया जाता है। इन्हीं तर्कों के आधार पर कोर्ट ने सचिन वाजे को जमानत दे दी है, अनिल देशमुख के बेटे को भी इस मामले में राहत दी गई है। उल्लेखनीय है कि, सचिन वाजे को वसूली मामले में जमानत मिल गई है। उन पर आरोप था कि, राज्य के गृह मंत्री रहते हुए अनिल देशमुख ने 100 करोड़ की वसूली की थी। यह पैसे बार और होटल मालिकों से लिए जाते थे। तब इस काम में वाजे ने एक सक्रिय भूमिका निभाई थी।

# मुंबई पुलिस ने 5 क्रिकेट बुकी को किया गिरफ्तार...!

## हवाला के जरिए पैसे दुबई में गैंगस्टर्स को भेजने का शक

**मुंबई :** मुंबई क्राइम ब्रांच की एंटी एक्सटॉर्शन सेल ने 5 क्रिकेट बुकी को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान और इंग्लैंड के फाइनल टी20 विश्व कप के मैच पर बेटिंग कर रहे थे. क्राइम ब्रांच को शक है की ये आरोपी बेटिंग में कमाए पैसों को दुबई में बैठे किसी गैंगस्टर को हवाला के जरिए भेजते थे.

एंटी एक्सटोर्शन सेल (AEC) के सूत्रों में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम फ्रांसिस उर्फ. विकी डायस, इमरान अशरफ खान, धर्मेश उर्फ धीरेन शिवदसानी, गौरव शिवदसानी और धर्मेश वोरा है. क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया की उनको खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली थी की दादर के एक होटल में कुछ लोग फाइनल मैच पर बेटिंग कर रहे थे, जिसके बाद क्राइम



ब्रांच की एक टीम वहां पहुंची और छापा मारा. इस दौरान क्राइम ब्रांच ने होटल रूम से फ्रांसिस और इमरान को गिरफ्तार किया.

**पुलिस किन लोगों की कर रही तलाश?**

इस मामले में पुलिस उनकी तलाश में है जिन लोगों ने बेटिंग करने के लिए 16 बेटिंग एप्लिकेशन बनाई है. जांच में सामने आया कि इन लोगों ने बेटिंग करने के लिए इनकी 18 एप्लिकेशन के यूजर नेम और पासवर्ड कई लोगों को दिया है, वो कौन से लोग हैं उनका पता लगाने का काम क्राइम ब्रांच कर रही है.

### कितने एप्लीकेशन का कर रहे थे इस्तेमाल?

**जांच में पता चला की आरोपी करीबन 18 एप्लिकेशन/ वेबसाइट का इस्तेमाल कर अलग अलग एप्लिकेशन/वेबसाइट के जरिए एक समय पर क्रिकेट बेटिंग कर रहे थे और ये आरोपी पिछले एक साल से इसी तरह से अलग अलग क्रिकेट पर बेटिंग कर मोटा पैसा कमा चुके हैं. क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया की आरोपी जिस सिम कार्ड का इस्तेमाल बेटिंग में कर रहे थे वो खरीदने के लिए भी फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया है.**

# रामगोपाल यादव ने दिया बड़ा बयान...!

मैनपुरी उपचुनाव को लेकर जिले में भी हलचल मची हुई है। सपा से पूर्व सांसद डिंपल यादव के बाद भाजपा की ओर से पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को टिकट देने के बाद हलचल और तेज हो गई है। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं मैनपुरी से प्रत्याशी डिंपल यादव ने शिवपाल सिंह यादव से मुलाकात की। इस बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मैनपुरी नेताजी की है। हमें जनता का भरपूर अशीर्वाद मिल रहा है और डिंपल यादव की बड़ी जीत होगी। रामगोपाल यादव ने भाजपा सरकार को भी आड़ें हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के मंत्रियों के पास कोई काम ही नहीं है। सब काम मुख्यमंत्री के पास हैं। इसलिए भाजपा सरकार के मंत्री घूम रहे हैं।

**शिवपाल ने साझा की थी तस्वीर**

शिवपाल से मुलाकात के बाद



डिंपल यादव एवं अखिलेश यादव ने फोटो ट्वीट करते हुए लिखा कि नेताजी के और घर के बड़ों के साथ-साथ मैनपुरी की जनता का भी आशीर्वाद साथ है। दोपहर बाद शिवपाल सिंह यादव ने ट्वीट किया। इसमें लिखा कि जिस बाग को सींचा हो खुद नेताजी ने, उस बाग को अब हम सींचेंगे अपने खून, पसीने से। वहीं, शिवपाल ने समर्थकों से बुधवार को बैठक में परिवार की एकजुटता के लिए डिंपल के पक्ष में मतदान करने की बात कही। सियासी गलियारे में नजर रखने वालों का कहना है कि शिवपाल को इसी वक्त का इंतजार था। नामांकन के दिन भी डिंपल समर्थन मांगतीं तो वह साथ नजर आते, लेकिन सपा से यह चूक हुई। बता दें कि सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी संसदीय सीट खाली हुई थी। यहां उपचुनाव पांच दिसंबर को होंगे और परिणामों की घोषणा आठ दिसंबर को होगी। इस सीट को लेकर सियासी गलियारों में सरगर्मी तेज है। मैनपुरी में भाजपा और बसपा ने कई बार शाक्य प्रत्याशी के हाथ चुनावी पतवार सौंपी, लेकिन फिर भी भंवर से उनकी नैया पार नहीं हो सकी।

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र

**कदम कदम पर**

RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक

**जे.पी.शर्मा**

संपादक

**छोटेलाल शर्मा**

मो.:०९८१९८६२१७२

प्रबंध संपादक

**अनिल शर्मा**

मो.:०९८३३३२९७२१

उप संपादक

**श्रीमती कंचन यादव**

**(फैजाबाद, यू.पी.)**

**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**

**राजन शर्मा (उप संपादक)**

**आर्थिक सलाहकार**

**सतीशचंद्र गुप्ता**

**पंकज (बबलू) यादव**

प्रतिनिधि

**अवनीश कुमार मिश्र**

**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**

**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**

**राजेश कुमार शर्मा**

साज सज्जा :

**संतोष तिवारी**

(९७६८३६२०९१)

कानूनी सलाहकार

**एड. बी. एम. शर्मा**

**एड. आर. आर. शर्मा**

**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**

(मो.: ९४५२७९१५७०)

(न्याय क्षेत्र मुंबई)

सभी पद अवैतनिक हैं।

वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३

Email : kadamkadampar1@gmail.com

पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# रोहित रामजी पांडे भारतीय जनता पार्टी के जिला सचिव



**दिनांक 21/11/2022 के दिन आमदार कार्यालय मे आमदार श्री कुमार आयलानी व भाजपा जिल्हा अध्यक्ष श्री जमनू पुरसवानी जी के अध्यक्षता मे श्री रोहित रामजी पांडे जी को जिला सचिव पद देकर आगे के कार्यकाल की शुभकामनाये दी. इस वक्त पूर्व स्थायी समिती सभापती श्री टोनी शिरवानी, महासचिव श्री राम चार्ली पारवानीकमल पंजाबी जिला उपाध्यक्ष, विक्की गुरनानी, जिल्हा सचिव विकास गुजर, जिला सचिव, नथु यादव उत्तर भारतीय अध्यक्ष मंडळ 4 व भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# शोक सभा संपन्न



भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संगठन के उपाध्यक्ष आदरणीय मुन्नालाल शर्मा जी निवासी ग्राम मुकुंदी पुर शाहपुर ब्लॉक सिकरारा जनपद जौनपुर के पूज्यनीय बाबूजी स्व श्री बिहारी लाल शर्मा पुत्र स्व जगदेव शर्मा उम्र 82 वर्ष की मृत्यु दिनांक 1 नवंबर 2022 दिन मंगलवार को हुई थी।

आज उनकी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके तीनों पुत्रों में श्री मुन्ना लाल शर्मा जी, श्री संजय शर्मा जी व संदीप शर्मा सहित उनके पांच पौत्रों अभिषेक शर्मा, राहुल शर्मा, लकी शर्मा, शिवांश शर्मा व रोहन शर्मा सहित परिवारी जनों ने अपने पूजनीय बाबू जी व दादा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूज्य बाबू जी के जीवन संघर्षों में उनका ज्यादातर जीवन सर्वोदय इंटर कॉलेज शाहपुर में वह फोर्थ क्लास सेवा में थे जो 35 वर्ष वह सर्विस करने के बाद रिटायर हुए थे।

श्रद्धांजलि में जौनपुर जनपद के कोने-कोने से पधारे तमाम सम्मानित महापदम नंद वेलफेयर ऑर्गनाईजेशन एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने किया। शोक सभा में भारतीय नाई कल्याण सेवा समिति संस्था के संरक्षक सुरेश कुमार शर्मा जी (पत्रकार महोदय) प्रकाश शर्मा



पदाधिकारी व समाजसेवी गण उपस्थित रहे, वही अमेठी जनपद के एम डब्ल्यू ओ के प्रांतीय महासचिव माननीय शिवदयाल शर्मा जी सहित सभी लोगों ने बाबू जी के चरणो में अपनी श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए 1 मिनट का मौन रखकर बाबू जी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए तत्पश्चात संगठन के अध्यक्ष माननीय दिनेश चंद्र शर्मा जी ने व मुन्ना लाल शर्मा जी दोनों सम्मानित पदाधिकारियों ने आए हुए सभी आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए आभार प्रकट किया।

शोक सभा कार्यक्रम का संचालन अमेठी जनपद से चलकर आए जी (पत्रकार महोदय) लक्षनधारी शर्मा (प्रधान जी) अशोक कुमार शर्मा जी कोषाध्यक्ष महोदय,मनोज कुमार शर्मा जी प्रधान महासचिव महोदय, विनोद कुमार शर्मा अध्यक्ष सैलून एसोसिएशन बदलापुर, रविंद्र शर्मा जी, अखिलेश शर्मा जी, सुरेंद्र शर्मा जी, डॉ विवेक शर्मा जी,आदि सैकड़ों सम्मानित साथी एवं स्वजातीय मौजूद रहे।

मैं घनश्याम शर्मा एम डब्ल्यू ओ अमेठी ईश्वर से बाबू जी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं और बाबूजी को शत-शत नमन एवं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।




**जननायक कर्पूरी सेना की राज्य शाखा उत्तर प्रदेश का राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन दिनाँक 20 नम्बर को कानपुर देहात तहसील मैथा सम्पन्न हुई जिजमे मुख्य रूप से संरक्षक न्यायमूर्ति डा आई 0 एम 0 एव अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रमुख श्याम नारायण सिंह की व्यवस्था संचालन समिति डी के सिह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव राष्ट्रीय सचिव /प्रदेश प्रभारी राम सुरेश कोरी एव कानपुर मण्डल प्रमुख सुनील कठेरिया व कानपुर देहात जिला प्रमुख संजय कुमार यादव व महिला मोर्चा श्रीमती गीता गुप्ता, सुनीता गुप्ता, दीक्ष यादव व श्रमण कुमार कुशवाहा व प्रताप नारायण शर्मा.**




जनसहयोग सेन समाज सेवा संगठन भारत की राष्ट्रीय महिला सचिव श्रीमती ज्योति सेन जयपुर के अच्छे कार्य को देखते हुए उनको राष्ट्रीय महिला वरिष्ठ संरक्षक नियुक्त किया जाता है इसके लिए आपको बहुत-बहुत बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं समस्त संगठन के पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण की ओर से जय सेन जी महाराज की जय नारायणी माता की.


### नाम परिवर्तन

मै राम सजीवन विश्वकर्मा पुत्र स्व0 देवराज विश्वकर्मा म0न0–सी0–91 एन0डी0यू0ए0टी0 कैम्पस कुमारगंज. अयोध्या मेरे पुत्र विशाल विश्वकर्मा के स्कूल दस्तावेज में गलती से मेरा नाम सजीवन विश्वकर्मा लिखा हुआ है जबकि मेरा सही नाम राम सजीवन विश्वकर्मा है भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

I Ram Sajeevan Vishwakarma R/O- C-91 NDUAT Campus Kumarganj Ayodhya, Have changed my name From Sajeevan Vishwakarma to Ram Sajeevan Vishwakarma, for all Future Purposes

# टीम मानवता ने जन्मदिन पर गरीबों को शाल, कंबल भेंट किये

**गौरेला,** छत्तीसगढ़। गौरेला,पेंड्रा व मरवाही की के जन्मदिन के अवसर पर आदिवासी ग्रामीण अंचल पीड़ा गाँव गरीब बच्चे, बुजुर्ग खुशी से फूले नहीं समाये । बुजुर्गो भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महामंत्री



टीम मानवता की अनुपम पहल ह्ख़ुशियों के पल अपनों के संगह्व के तहत गौरेला किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष समाजसेवी पीयूष अग्रवाल बान घाट में स्कूली बच्चों को गर्म कपड़े, बिस्किट, आदिवासी महिलाओं व बुजुर्गों को शॉल, कंबल और मिठाइयां वितरित की गई। शहर के युवाओं को पाकर ने पीयूष अग्रवाल को जन्मदिन पर अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले की टीम मानवता के जिलाध्यक्ष संनी आगवानी, पुष्पेंद्र पार्टी, समाजसेवी जितेंद्र जैन ,मिथलेश साहू, राहुल सेन ,अक्षय केसरी, अनस नवीन जायसवाल और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे पर एक कार के टकराने से 5 की मौत!

**मुंबई** : महाराष्ट्र में आज सुबह-सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार का कहर दिखा और एक कार ने दूसरे वाहन में जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद चीख-पुकार मच गई। इस भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल, मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि यह घटना मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खोपोली इलाके की है, जहां एक कार ने दूसरे वाहन को सामने से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को फिलहाल कामोठे के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।









यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com